FCS
The efficiency catalyst

CIN: L72100DL1993PLC179154

**FCS/STX/2024** **14th August, 2024**

To,
The Bombay Stock Exchange Ltd.,
Corporate Relationship Department,
P J Tower, Dalal Street,
Mumbai- 400001

National Stock Exchange of India Limited
Exchange Plaza, Plot No. C/1, G Block,
Bandra Kurla Complex, Bandra (E),
Mumbai- 400051

Dear Sir/Ma'am,

**Subject: - Intimation of Newspaper advertisement of 218th Board Meeting held on 13th August, 2024.**

Ref: Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.

Pursuant to requirement of Regulation 30 read with Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed herewith the copy of newspaper advertisement with respect to outcome of 218th Board meeting held on 13th August, 2024 and published in the following newspapers on 14th August, 2024:

1. Financial Express, New Delhi – English Newspaper
2. Haribhoomi, New Delhi- Hindi Newspaper

This is for your information and records.

Thanking You,

Yours faithfully,
For **FCS Software Solutions Limited**

FCS Software Solutions Ltd.

Company Secretary

HARSHA

Digitally signed by HARSHA
DN: c=IN, o=Personal, postalCode=201014, st=Uttar Pradesh, serialNumber=8DE5CA0BC1D772D130D8DF80BA376914916934ACE21307512EC65C540AC9DF8F, cn=HARSHA
Date: 2024.08.14 15:33:43 +05'30'

(Harsha Sharma)
**Company Secretary**
**Membership No-** A33548

business processes · collaborative platforms · enterprise interfaces

# फोगाट से लेकर पंघाल तक, पेरिस ओलंपिक में देखने मिले कई विवाद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पेरिस ओलंपिक 2024 औपचारिक रूप से सम्पन्न हो चुका है। इस ओलंपियाड में भारत ने कुल 6 पदक जीते, जिसमें 1 रजत शामिल रहा। हर बार की तरह इस बार भी इन वैश्विक खेलों में कुछ पुराने रिकॉर्ड्स ध्वस्त हुए और परिणामस्वरूप नए कीर्तिमान स्थापित हुए। खेलों से इतर इस बार का ओलंपिक कुछ विवादित घटनाओं के चलते भी चर्चा का केंद्र रहा। कुछ प्रमुख विवादों में भारतीय खिलाड़ी विनेश फोगाट व अंतिम पंघाल से लेकर विदेशी खिलाड़ी तक चर्चा में रहे।

### फाइनल में पहुंचने के बाद अयोग्य हुईं विनेश फोगाट

विनेश फोगाट ने महिलाओं की 50 किलोग्राम भारवर्ग के सेमीफाइनल में क्यूबा की गुजमान लोपेज को हराते हुए अपना ओलंपिक पदक सुनिश्चित किया था। नियमों के अनुसार, फाइनल से पहले विनेश का वजन नापा गया, जो लगभग 100 ग्राम अधिक था। उन्होंने फाइनल से पहले अपने वजन को कम करने के लिए पूरी रात जॉगिंग, स्किपिंग और साइकिलिंग की, लेकिन वजन कम नहीं कर पाईं थी। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने अतिरिक्त समय मांगा, लेकिन उनकी दलीलों को अस्वीकार कर दिया गया और उन्हें फाइनल में खेलने के अयोग्य घोषित कर दिया।

### विनेश ने कुश्ती को कहा अलविदा

विनेश ने कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन ऑफ स्पोर्ट्स के सामने खुद को रजत पदक देने की अपील की थी। इस पर अभी फैसला होना बाकी है। बता दें कि विनेश ने अयोग्य घोषित होने के बाद कुश्ती से संन्यास भी ले लिया था।



### मुक्केबाज इमान खलीफ ने विवाद के बावजूद जीता स्वर्ण पदक

अल्जीरियाई मुक्केबाज इमान खलीफ ने महिलाओं के 66 किलोग्राम भारवर्ग में इटली की एंजेला कैरिनी के खिलाफ सिर्फ 46 सेकेंड में ही जीत दर्ज की थी। इसके बाद इटली की मुक्केबाज ने खलीफ के जेंडर पर सवाल उठाए थे। इसके बाद से अल्जीरियाई मुक्केबाज चर्चा का केंद्र बन गई थी। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति से समर्थन मिलने के बाद खलीफ ने आखिरकार स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने फाइनल मुकाबले में चीनी मुक्केबाज को हराया था।

### पैराग्वे की महिला तैराक लुआना को छोड़ना पड़ा खेल गांव

पैराग्वे की महिला तैराक लुआना अलोंसो घर वापस भेजे जाने के बाद से चर्चा में बनी हुई थी। 20 वर्षीय तैराक को कथित तौर पर अपने साथियों के बीच 'अनुचित माहौल' बनाने के कारण खेलगांव छोड़ने के लिए कहा गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनकी सुंदरता के चलते साथी खिलाड़ियों का ध्यान भटक रहा था।



### कोकीन खरीदते पकड़ा गया ऑस्ट्रेलियाई हॉकी खिलाड़ी

ऑस्ट्रेलिया के हॉकी टीम के खिलाड़ी टॉम क्रेग को कोकीन खरीदने के प्रयास में गिरफ्तार किया गया था। क्रेग को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया था। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई ओलंपिक समिति ने क्रेग से उनके ओलंपिक एथलीट के विशेषाधिकार छीन लिए और वे समापन समारोह में शामिल नहीं हुए थे। ऑस्ट्रेलियाई हॉकी टीम की बात करें तो वह पदक नहीं जीत सकी थी।



### पार्क में सोते हुए नजर आए इटली के तैराक थॉमस

पेरिस ओलंपिक के दौरान दो पदक विजेता इटली के तैराक थॉमस सेकॉन पार्क में सोते हुए नजर आए। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वह खेलगांव के पार्क में जमीन पर सोए हुए नजर आए। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक, ओलंपिक विलेज में एयर कंडीशनिंग की व्यवस्था नहीं थी और वह इसको लेकर शिकायत भी कर चुके था।



### बड़े विवाद में फंस गई थीं अंतिम पंघाल

अपने पहले मैच में हारकर बाहर होने वाली अंतिम पंघाल बड़े विवाद में फंस गई थी। दरअसल, अंतिम पर आरोप लगा कि उन्होंने गलत तरीके से अपनी बहन को खेलगांव में भेजा था। सिक्योरिटी अधिकारियों ने अंतिम की बहन निशा पंघाल को कैंपस में एक्रेडिटेशन कार्ड का इस्तेमाल करते हुए पकड़ा था। भारतीय पहलवान ने अपनी सफाई में कहा था कि वह कुछ सामान खेलगांव में भूल गई थीं, जिसके लिए उन्होंने अपना एक्रिडिटेशन कार्ड बहन को दिया था।

## शूटिंग विश्व कप 13 से 18 अक्टूबर तक नई दिल्ली में होना है आयोजित

# मनु लेंगी तीन माह का ब्रेक, शूटिंग विश्व कप में खेलने पर असमंजस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पेरिस ओलंपिक 2024 में निशानेबाजी में भारत को 2 पदक दिलाने वाली निशानेबाज मनु भाकर अक्टूबर में होने वाले शूटिंग विश्व कप को छोड़ सकती है। मनु के कोच जसपाल राणा ने इस बात की संभावना जताई है। उन्होंने बताया कि पेरिस ओलंपिक के बाद मनु ने 3 महीने का ब्रेक लेने की योजना बनाई है। वह लंबे समय से प्रशिक्षण ले रही थी। ऐसे में उनके विश्व कप में हिस्सा लेने के निर्णय पर असमंजस बना हुआ है।





### कोच राणा ने दिया यह बयान

रिपोर्ट के अनुसार, मनु के कोच राणा ने, मुझे यकीन नहीं है कि मनु अक्टूबर में होने वाले शूटिंग विश्व कप में हिस्सा लेंगी या नहीं क्योंकि वह 3 महीने का ब्रेक ले रही है। वह लंबे समय से प्रशिक्षण ले रही है। उनके ब्रेक के बाद वह 2026 एशियाई खेल और राष्ट्रमंडल खेल में शीर्ष स्थान हासिल करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। बता दें, शूटिंग विश्व कप 13 से 18 अक्टूबर तक नई दिल्ली में आयोजित होने वाला है।

### मनु ने इन स्पर्धाओं में जीते हैं पदक

मनु ने पेरिस ओलंपिक में भारत के पदकों का खाता खोला था। उन्होंने 10 मीटर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक अपने नाम किया था। इसके साथ ही वह निशानेबाजी में पदक हासिल करने वाली भारत की पहली महीला निशानेबाज बनी थी। इसके बाद उन्होंने सरबजोत सिंह के साथ इसी स्पर्धा के मिश्रित स्पर्धा में कांस्य पदक पर निशाना लगाया था। वह आजाद भारत में एक ओलंपिक में 2 पद हासिल करने वाली भी पहली भारतीय खिलाड़ी बनी हैं।



### मनु-नीरज का साथ वीडियो देख उड़ी शादी अफवाह

निशानेबाज मनु भाकर और भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें दोनों साथ नजर आ रहे हैं, वहीं एक अन्य वीडियो में मनु की मां सुमेधा भी नीरज बातचीत करते दिखाई दे रही हैं। वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर लोग मनु और नीरज की शादी को लेकर बातें कर रहे हैं।

### मनु की शादी पर बोले उनके पिता

निशानेबाज मनु भाकर और भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा वीडियो वायरल होने तथा शादी की अफवाह पर मनु के पिता रामकिशन ने कहा, मनु अभी बहुत छोटी है। उसकी शादी की उम्र भी नहीं है। अभी इस बारे में सोचा भी नहीं है। दूसरे वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा, मनु की मां नीरज को अपने बेटे की तरह मानती हैं। जैसा आप सोच रहे हैं वैसा कुछ भी नहीं है। बता दें, मनु और नीरज दोनों हरियाणा से ही हैं।

### दोनों ने पेरिस ओलंपिक में जीते पदक

पेरिस ओलंपिक 2024 में मनु और नीरज दोनों ने ही पदक अपने नाम किए हैं। मनु ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल और 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित प्रतियोगिता में कांस्य पदक अपने नाम किए। नीरज ने भाला फेंक प्रतियोगिता में रजत पदक जीता।

## खेल पंचाट ने विनेश की अपील पर फैसला 16 अगस्त तक टाला

पेरिस। खेल पंचाट (कैस) के तदर्थ प्रभाग ने मंगलवार को विनेश फोगाट की पेरिस ओलंपिक में फाइनल से पहले अयोग्य ठहराए जाने के खिलाफ अपील पर फैसला बिना कोई कारण दिये फिर 16 अगस्त तक स्थगित कर दिया जिससे इस भारतीय पहलवान के भाग्य पर संदेह बरकरार है। खेल पंचाट को सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद मंगलवार को फैसला सुनाना था लेकिन इसे बिना कोई कारण बताये फिर तीसरी बार टाल दिया गया। इससे 29 वर्षीय भारतीय पहलवान का इंतजार बढ़ गया है। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की विज्ञप्ति के अनुसार, "खेल पंचाट के तदर्थ प्रभाग के अध्यक्ष ने विनेश फोगाट बनाम यूनाईटेड विश्व कुश्ती (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति मामले में एकमात्र मध्यस्थ डॉ. एनाबेले बेनेट को अपना फैसला सुनाने के लिए शुक्रवार 16 अगस्त 2024 पेरिस समय के अनुसार शाम छह बजे (भारतीय समयानुसार रात साढ़े नौ बजे) तक अनुमति दी है।"


## एफसीएस सॉफ्टवेयर सोल्यूशंस लिमिटेड

CIN No. L72100DL1993PLC179154

पंजी. कार्यालय : 205, द्वितीय तल, अग्रवाल चेम्बर IV, 27, वीर सावरकर ब्लॉक, विकास मार्ग, शकरपुर, दिल्ली-92
कार्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 83, एनएसईजैड, नोएडा दादरी रोड, फेज-II, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा-201305

भारतीय लेखा मानकों (Ind-AS) के अनुपालन में तैयार किये गये 30 जून 2024 को समाप्त तिमाही हेतु एफसीएस सॉफ्टवेयर सोल्यूशंस लिमिटेड के अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण (रु. लाखों में)

| विवरण | समाप्त तिमाही 30 जून 2024 अअंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31 मार्च 2024 अंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31 मार्च 2023 अंकेक्षित |
|---|---|---|---|
| समेकित वित्तीय स्थिति : | | | |
| प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 918.19 | 3,656.51 | 3,491.39 |
| कर के बाद साधारण गतिविधियों से शुद्ध लाभ (+)/हानि (-) | 136.19 | (1,204.53) | 145.98 |
| कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ (+)/हानि (-) (असाधारण मदों के बाद) | 136.19 | (1,204.53) | 145.98 |
| इक्विटी शेयर कैपिटल | 17,095.53 | 17,095.53 | 17,095.53 |
| पूर्ववर्ती लेखा वर्ष की बैलेंस शीट के अनुरूप पुनर्मूल्यांकन रिजर्व्स को छोड़कर रिजर्व | 8,376.35 | 8,250.19 | (438.53) |
| अर्जन प्रति शेयर (रु.)* (वार्षिकृत नहीं) | | | |
| असाधारण मदों से पूर्व बेसिक (रु. में) | 0.001 | (0.000) | (0.000) |
| असाधारण मदों से पूर्व डायल्यूटेड (रु. में) | 0.001 | (0.000) | (0.000) |
| असाधारण मदों के बाद बेसिक (रु. में) | 0.001 | (0.000) | (0.000) |
| असाधारण मदों के बाद डायल्यूटेड (रु. में) | 0.001 | (0.000) | (0.000) |

| विवरण | समाप्त तिमाही 30 जून 2024 अअंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31 मार्च 2024 अंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31 मार्च 2023 अंकेक्षित |
|---|---|---|---|
| स्टैंडअलोन वित्तीय स्थिति : | | | |
| प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 905.60 | 3,619.08 | 3,494.88 |
| कर के बाद साधारण गतिविधियों से शुद्ध लाभ (+)/हानि (-) | 85.95 | (1,392.65) | 194.66 |
| कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ (+)/हानि (-) (असाधारण मदों के बाद) | 85.95 | (1,392.65) | 194.66 |
| इक्विटी शेयर कैपिटल | 17,095.53 | 17,095.53 | 17,095.53 |
| असाधारण मदों से पूर्व बेसिक (रु. में) | 0.005 | 0.000 | 0.000 |
| असाधारण मदों से पूर्व डायल्यूटेड (रु. में) | 0.005 | 0.000 | 0.000 |
| असाधारण मदों के बाद बेसिक (रु. में) | 0.005 | 0.000 | 0.000 |
| असाधारण मदों के बाद डायल्यूटेड (रु. में) | 0.005 | 0.000 | 0.000 |

उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग एवं अन्य घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये तैमाहिक / वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक / वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स पर बीएसई (www.bseindia.com) पर, एनएसई (www.nseindia.com) पर और कम्पनी की वेबसाइट्स (www.fcsltd.com) पर उपलब्ध हैं।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
कृते एफसीएस सॉफ्टवेयर सोल्यूशंस लि.
हस्ता/-
(निदेशक)

स्थान : नोएडा
दिनांक : 13 अगस्त, 2024


## पाकिस्तान से आज तक टेस्ट सीरीज नहीं जीत पाया बांग्लादेश उतरेगा इतिहास रचने

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम और बांग्लादेश क्रिकेट टीम के बीच 21 अगस्त से दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। नजमुल हुसैन शांतो की कप्तानी में बांग्लादेश की टीम में कड़ी चुनौती पेश करना चाहेगी। दूसरी तरफ पाकिस्तान की कप्तानी शान मसूद करेंगे। उनके नेतृत्व वाली टीम में कामरान गुलाम और मोहम्मद हुरैरा जैसे नये चेहरों को शामिल किया गया है। दोनों मुकाबले भारतीय समयानुसार सुबह 10:30 बजे शुरू होंगे। यह सीरीज विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा होगी। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की मौजूदा रैंकिंग में फिलहाल पाकिस्तान 5वें और बांग्लादेश 8वें स्थान पर है। अब तक बांग्लादेश ने टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में पाकिस्तान को नहीं हराया है। अब तक दोनों टीमें कुल 13 टेस्ट खेले हैं, जिसमें से पाकिस्तान ने 12 जीते हैं और 1 मैच ड्रॉ रहा है। ऐसे में बांग्लादेशी टीम जीत का खाता खोलना चाहेगी। दोनों टीमों के बीच पहला टेस्ट मैच 21 अगस्त से 25 अगस्त तक रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। सीरीज का दूसरा मुकाबला 30 अगस्त से 3 सितंबर तक नेशनल क्रिकेट स्टेडियम कराची में खेला जाएगा।



## बीसीसीआई शुरू कर सकता है पूर्व खिलाड़ियों की लीग, आईपीएल की तरह हो सकता है टूर्नामेंट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पिछले कुछ समय से पूर्व खिलाड़ियों की लीग खेली जा रही हैं और इनकी लोकप्रियता में भी इजाफा हुआ है। बीते महीने जुलाई में ही 'वर्ल्ड चैंपियंस ऑफ लीजेंड्स' लीग सम्पन्न हुई थी, जिसमें इंडिया चैंपियंस ने खिताब जीता था। इस बीच खबर है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड अब संन्यास ले चुके खिलाड़ियों की लीग शुरू करने की योजना बना रहा है। यह इंडियन प्रीमियर लीग की तर्ज पर खेली जा सकती है। यह लीग विशेष रूप से उन क्रिकेटरों के लिए होगी, जिन्होंने खेल के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया है।

### सचिन, युवी, सहवाग, गेल आ सकते हैं नजर

प्रस्तावित लीजेंड्स प्रीमियर लीग में सचिन तेंदुलकर, युवराज सिंह, हरभजन सिंह, वीरेंद्र सहवाग, क्रिस गेल और एबी डिविलियर्स जैसे महान क्रिकेटर शामिल हो सकते हैं। अगर इसे लागू किया जाता है, तो यह किसी क्रिकेट बोर्ड द्वारा आयोजित किया जाने वाला पहला लीजेंड्स टूर्नामेंट होगा। मौजूदा अधिकांश लीग निजी कंपनियों के स्वामित्व में हैं।

### कुछ पूर्व खिलाड़ियों ने बीसीसीआई से किया है आग्रह

कुछ पूर्व खिलाड़ियों ने लीग के प्रस्ताव के साथ बीसीसीआई के सचिव जय शाह से संपर्क किया है। इस मामले में बोर्ड ने भी सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, मामले से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि चर्चा अभी शुरुआती चरण में है और इस साल लीग का आयोजन संभव नहीं होगा। ऐसी संभावना है कि 2025 में बीसीसीआई द्वारा इस लीग का आयोजन हो सकता है।

## दुर्घटना के बाद खेला आईपीएल, दलीप ट्रॉफी में खेलते आएंगे नजर

# ऋषभ पंत करेंगे प्रथम श्रेणी क्रिकेट में वापसी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम को 19 सितंबर से बांग्लादेश क्रिकेट टीम के खिलाफ टेस्ट सीरीज की मेजबानी करनी है। इससे ठीक पहले भारत के कई प्रमुख खिलाड़ी दलीप ट्रॉफी में खेलते हुए नजर आएंगे। ऐसी खबरें हैं कि भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत भी इस घरेलू टूर्नामेंट में खेलते दिखेंगे। ऐसे में वह लम्बे समय के बाद किसी प्रथम श्रेणी क्रिकेट मैच में खेलते हुए नजर आएंगे।



### पंत के साथ-साथ राहुल और ईशान भी दलीप ट्रॉफी में लेंगे हिस्सा

पंत के साथ-साथ केएल राहुल और ईशान किशन भी दलीप ट्रॉफी में खेलते दिखेंगे। पिछले रणजी ट्रॉफी के संस्करण में किशन नहीं खेले थे। वह बोर्ड के कहने के बावजूद नहीं खेले थे, जिसके बाद उन्हें सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर कर दिया गया था। ऐसे में उनके पास राष्ट्रीय टीम में वापसी करने के लिए अच्छा मौका होगा। राहुल ने चोट के चलते पिछले कुछ टेस्ट नहीं खेले थे। उन्होंने जनवरी 2024 में अपना पिछला टेस्ट खेला था।

### प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 2022 के बाद से नहीं खेले

पंत ने आखिरी बार दिसंबर 2022 में बांग्लादेश क्रिकेट टीम के खिलाफ अपना पिछला टेस्ट मैच खेला था। इसके बाद भीषण कार दुर्घटना के बाद से वह लम्बे समय तक मैदान से दूर रहे थे। उन्होंने तब से वनडे और टी-20 प्रारूप में तो वापसी कर ली है, लेकिन टेस्ट प्रारूप नहीं खेला है। रिपोर्ट के मुताबिक, वह 5 सितंबर से शुरू होने वाली दलीप ट्रॉफी के जरिए लाल गेंद की क्रिकेट में वापसी कर सकते हैं।

### पंत ने खेले हैं 57 प्रथम श्रेणी मैच

पंत ने अपने टेस्ट करियर में अब तक 43 मैच खेले हैं, जिसमें 43.67 की औसत से 2,271 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने नाबाद 159 रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 5 शतक और 11 अर्धशतक लगाए हैं। अपने प्रथम श्रेणी करियर में उन्होंने 57 मैच खेले हैं, जिसमें 48.50 की औसत से 4,123 रन अपने नाम किए हैं। इस दौरान उन्होंने 10 शतक और 19 अर्धशतक लगाए हैं।

### 4 टीमों के बीच होगा ट्रॉफी का अगला संस्करण

दलीप ट्रॉफी का आगामी संस्करण जोनल फॉर्मेट में नहीं खेला जाएगा। चयन समिति इस टूर्नामेंट में इंडिया-ए, इंडिया-बी, इंडिया-सी और इंडिया-डी के रूप में 4 टीमें चुनेंगी। पिछले सीजन में यह प्रतियोगिता वेस्ट जोन, साउथ जोन, सेंट्रल जोन, नॉर्थ जोन, नॉर्थ ईस्ट जोन और ईस्ट जोन की टीमों के बीच खेली गई थी। दलीप ट्रॉफी 2023 के फाइनल मुकाबले में साउथ जोन ने वेस्ट जोन को 75 रन से हराते हुए खिताब जीता था।


## महत्वपूर्ण सूचना

रेलयात्री कृपया ध्यान दें।

15 अगस्त, 2024 को लाल किला में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह–2024 के कारण प्रातः 6.45 बजे से प्रातः 09.00 बजे तक 2 घंटे 15 मिनट के लिए दिल्ली जं. एवं दिल्ली शाहदरा के मध्य रेल यातायात अस्थायी तौर पर बन्द रहेगा। इसके परिणामस्वरूप निम्नलिखित रेलगाड़ियां निम्नानुसार प्रभावित रहेंगी :–

**पुनर्निर्धारित /विनियमित (रोककर चलाई जाने वाली) रेलगाड़ियां**

| रेलगाड़ी संख्या एवं नाम | स्टेशन जहाँ पर रेलगाड़ी पुनर्निर्धारण/ विनियमित रहेंगी |
|---|---|
| 18102 जम्मू तवी–टाटानगर एक्सप्रेस | दिल्ली जं. पर विनियमित की जाएगी और समारोह समापन के बाद चलेगी |
| 12038 दिल्ली जं. - कोटद्वार सिद्धबली जनशताब्दी एक्स. | समारोह समापन के बाद 09:00 बजे चलेगी |
| 15910 लालगढ़ - डिब्रूगढ़ अवध असम एक्सप्रेस | दिल्ली जं. पर विनियमित की जाएगी और समारोह समापन के बाद चलेगी |
| 15484 दिल्ली जं.-अलीपुर द्वार सिक्किम महानन्दा एक्स. | समारोह समापन के बाद 08:50 बजे चलेगी |
| 04401 दिल्ली जं. - सहारनपुर डीएमयू एक्सप्रेस स्पेशल | समारोह समापन के बाद 09:10 बजे चलेगी |
| 12324 बाडमेर - हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस | रेवाड़ी–दिल्ली जं. के बीच 60 मिनट विनियमित की जायेगी |
| 04946 दिल्ली जं. - गाजियाबाद स्पेशल एक्सप्रेस | दिल्ली जं. पर विनियमित की जाएगी और समारोह समापन के बाद चलेगी |
| 12225 आजमगढ़ - दिल्ली जं. कैफियात एक्सप्रेस | दिनांक 14.08.2024 को आजमगढ़ से 90 मिनट की देरी से प्रस्थान करेगी |
| 14042 देहरादून - दिल्ली जं. मसूरी एक्सप्रेस | दिनांक 14.08.2024 को देहरादून से 70 मिनट की देरी से प्रस्थान करेगी |
| 04404 सहारनपुर - दिल्ली जं. एमईएमयू एमईएक्स स्पेशल | समारोह समापन तक गाजियाबाद – दिल्ली शाहदरा के बीच विनियमित की जायेगी |

**15 अगस्त, 2024 को निरस्त रहने वाली रेलगाड़ियां**

रेलगाड़ी संख्या 04413 गाजियाबाद – दिल्ली जंक्शन ईएमयू स्पेशल निरस्त रहेगी।
रेलगाड़ी संख्या 04486 दिल्ली जंक्शन – साहिबाबाद स्पेशल एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।
रेलगाड़ी संख्या 04447 गाजियाबाद – दिल्ली जंक्शन ईएमयू स्पेशल एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।
रेलगाड़ी संख्या 05000 शामली – दिल्ली जंक्शन स्पेशल एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।
रेलगाड़ी संख्या 04940 दिल्ली जंक्शन – गाजियाबाद ईएमयू निरस्त रहेंगी।

**15 अगस्त, 2024 को परिवर्तित मार्ग से चलाई जाने वाली रेलगाड़ियां**

| रेलगाड़ी संख्या एवं नाम | परिवर्तित मार्ग |
|---|---|
| 04091 खुर्जा – शकुरबस्ती एमईएक्स स्पेशल | साहिबाबाद-तिलक ब्रिज-नई दिल्ली-दिल्ली किशनगंज |
| 04339 बुलंदशहर – तिलक ब्रिज एक्सप्रेस स्पेशल | साहिबाबाद – तिलक ब्रिज |

**15 अगस्त, 2024 को रेलगाड़ियों का आंशिक निरस्तीकरण**

| रेलगाड़ी संख्या एवं नाम | स्टेशन, जहां रेलगाड़ी समाप्त होगी/प्रस्थान करेगी | स्टेशनों के बीच निरस्त |
|---|---|---|
| 04401 दिल्ली जं.-शामली-सहारनपुर डीएमयू स्पेशल एक्स. | शामली पर | शामली - सहारनपुर |
| 04402 सहारनपुर-शामली-दिल्ली जं. डीएमयू स्पेशल एक्स. | शामली से | सहारनपुर - शामली |
| 04288 दिल्ली जं.-अलीगढ़ एमईएमयू स्पेशल एक्सप्रेस | गाजियाबाद से | दिल्ली जं. - गाजियाबाद |
| 01622 सहारनपुर-शामली-दिल्ली जं. स्पेशल एक्सप्रेस | दिल्ली शाहदरा पर | दिल्ली शाहदरा -दिल्ली जं. |
| 01617 दिल्ली जं. - शामली स्पेशल एक्सप्रेस | दिल्ली शाहदरा से | दिल्ली जं.-दिल्ली शाहदरा |
| 04931 अलीगढ़-दिल्ली स्पेशल एक्सप्रेस | गाजियाबाद पर | गाजियाबाद- दिल्ली जं. |

विस्तृत विवरण के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें:– www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
आज़ादी का अमृत महोत्सव
पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
2514/24
जन सम्पर्क - उत्तर रेलवे
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ